# क्षेत्रीय कार्यालय
# राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
# उदयपुर (राज.)

मांकः राप्रनिम/क्षे.का.उ./स्था/निविदा संख्या. 02/2024–25/1694 दिनांक 14/10/24

**-: खुली निविदा सूचना सं. 02/2024-25**

UBN No.

इस कार्यालय के अंतर्गतवित्तीय वर्ष 2024–25 की अवधि के लिये अनुबंध के आधार पर **मानव संसाधन सेवाऐं** उपलब्ध करवाने हेतु अनुभवी बोलीदाता/सवेंदक जी.एस.टी. पंजीकृत संस्थाओं से डबल कवर सिस्टम के अंतर्गत मुहरबन्द निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैः–

| क.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क | निविदा बेचने की अवधि | निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वैज्ञानिक सहायक | 9.80/–लाख रू. लगभग | 500/–रू. | 14.10.2024 से 18.10.2024 (कार्यालय समय) | 21.10.2024 अपरान्ह 02:00 बजे |
| 2 | क्षैत्र सहायक(फिल्ड असिस्टेन्टस) | | | | |
| 3 | कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन | | | | |
| 4 | प्रयोगशाला सहायक | | | | |
| 5 | सिक्यूरिटी मैन(एच.ए.सी.एल.बिछडी प्लान्ट हेतु ) | | | | |
| 6 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | | | | |
| 7 | बागवान (अंशकालिन) | | | | |
| 8 | सफाई कर्मी (अशकालिन) | | | | |

उपरोक्त निविदायें दिनांक 14.10.2024 से 18.10.2024 तक किसी भी कार्य दिवस को प्रातः 10:00 से सांयः 06:00 बजे तक इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है तथा दिनांक 18.10.2024 सांय 6:00 बजे तक इस कार्यालय में जमा करा सकते है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य शर्ते विभागीय वेबसाईट **http:/www.rpcb.rajasthan.gov.in** एवं **sppp.rajasthan.gov.in** पर भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म वेबसाईट से भी डाउनलोड कर सकते है। निविदा शुल्क की राशि नगद अथवा डिमांड ड्राफ्ट **(सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, देय उदयपुर )** द्वारा जमा कराई जा सकती हैं जिसकी रसीद अथवा डिमांड ड्राफ्ट (मूल) निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करनी होगी एवं प्रतिभूति राशि (कार्य सम्पादन **प्रतिभूति 2.5%**)कार्य की अनुमानित लागत का के लिये डिमाण्ड ड्राफ्ट/ बैंकर चैक कार्य की अनुमानित लागत का ही स्वीकार किये जायेंगे जो कि **REGIONAL OFFICER RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD PAYBLE AT UDAIPUR** के नाम से प्रस्तुत करना होगा।

Signature valid

Digitally signed by Shashi Saksena
Designation : Senior Environmental Engineer
Date: 2024.10.14 16:32:11 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 11122269

Rajasthan

**क्षेत्रीय कार्यालय**
**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल**
**उदयपुर (राज.)**

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

**—: तकनीकी बोली प्रपत्र:—**

**-: खुली निविदा सूचना सं. 02/2024-25**
**(लिफाफा न0 1)**

- संदर्भ : क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर की बोली सूचना संख्या– ......................दिनांक........................
- बोलदाता/संवेदक का नाम :–.............................................................................................
- डाक का पता :–.............................................................................................
  .............................................................................................
- फोन/मोबाईल नं. :–.............................................................................................
- ई–मेल :–.............................................................................................
- बैंक का नाम :–.............................................................................................
  आईएफसी कोड :–.............................................................................................
  खाता संख्या :–.............................................................................................
- किसको सम्बोधित किया गया है। क्षेत्रीय अधिकारी राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर
- बोली शुल्क रूपये : (1) 500/–रू. (पॉच सौ मात्र)
  (2) जमा रसीद संख्या.................दिनांक.......
  डीडी कमांक............................दिनांक............
  राशि.....................**(डी.डी.सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, देय उदयपुर (PAYABLE AT UDAIPUR) के पक्ष मे देय होगा।)**
- बोली प्रपत्र में वर्णित समस्त शर्ते स्वीकार है, तथा उन पर हस्ताक्षर कर दिये गये है।
- संलग्न प्राईस शिड्यूल में दरें अंकित कर दी गई है।
- संलग्न प्राईस शिड्यूल में वर्णित दरें बोली स्वीकृति दिनांक से वित्तीय वर्ष 2024–25 तक मान्य होगी इस अवधि को पारस्परिक सहमति के आधार पर बढाया भी जा सकेंगा।
- बोली प्रतिभूति राशिके रूप में देय डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक **क्षेत्रीय अधिकारी राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर** के पक्ष में देय साथ संलग्न है।

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय सील
नाम.................................................
मोबाईल नं.......................................

Rajasthan

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
उदयपुर (राज.)

-: खुली निविदा सूचना सं. 02/2024-25
(लिफाफा न0 1)

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

| क0 स0 | तकनीकी दस्तावेज विवरण | संलग्न है या नही (हां/नही) | संलग्नक कमांक | टिप्पणी यदि कोई हो तो |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बोली प्रपत्र के समस्त पृष्ठों पर हस्ताक्षर मय सील कर दिये गये है। | | | |
| 2 | बोली शुल्क राशि रूपये 500/-नकद रसीद/डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक **Member Secretary Rajasthan State Pollution Control Board, Jaipur** के पक्ष में संलग्न है। | | | |
| 3 | बोली प्रतिभूति राशि 2.5 प्रतिशतके रूप में डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैंक ही स्वीकार किये जायेंगे, जो कि**Regional Officer, Rajasthan State Pollution Control Board, Payble at Udaipur**के नाम से संलग्न है। | | | |
| 4 | जी. एस. टी. पंजीयन प्रमाण पत्र (GST) | | | |
| 5 | पैन कार्ड की प्रति (PAN Card) | | | |
| 6 | ब्लैक लिस्टेड अथवा डिफॉल्टर नही होने संबंधी 50 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र | | | |
| 7 | राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970। (लागू नहीं होने की स्थिति में निविदादाता द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें) | | | |
| 8 | कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 (EPF) | | | |
| 9 | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (ESI) | | | |
| 10 | राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनशिप एक्ट 1932 के अंतर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 2013 के अन्तर्गत | | | |
| 11 | प्रमाणित बैंक खाता पास बुक/स्टेटमेन्ट की छाया प्रति। | | | |
| 12 | पूर्व या वर्तमान में आप द्वारा जिन संस्थानों (न्यूनतम 1 वर्ष हो) में कार्य किया गया उनकी सूची (अनुभव प्रमाण आवश्यक रूप से संलग्न करे।) केवल कार्यालय-आदेश मान्य नही होगा। | | | |
| 13 | फर्म होने की दशा में फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र। | | | |
| 14 | निविदा प्रपत्र में किसी भी प्रकार की कांट/छांट या उपरिलेखन नही हो। | | | |
| 15 | Private Security Agency Regulation Act 2005 (PSARA) के तहत पंजीयन **(सिक्यूरिटी मेन हेतु)** | | | |
| 16 | Annexure A, B, C & D | | | |

Rajasthan

**क्षेत्रीय कार्यालय**
**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल**
**उदयपुर (राज.)**

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

- बोलीदाता/संवेदक द्वारा किसी केन्द्र/राज्य/स्वायत्त संस्थाऐ/निगम/मण्डल/समिति/आयोग में कम्युटर प्रिन्टर मय प्रशिक्षित कार्मिक/मेनपावर (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी/सफाई कर्मचारी) का कम से कम एक वर्ष तक निरन्तर सफलतापूर्वक उपलब्ध करवाये जाने का अनुभव होना आवश्यक है। जिसका निम्नलिखित विवरणनुसार निर्धारित कॉलम में अंकन कर दस्तावेजो की स्वहस्ताक्षरित प्रति स्केन कर बोली दस्तावेजा (प्रपत्र 1)के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।
- निविदा खोलने कीदिनांक को राजकीय अवकाश घोषित होना/कार्यालय परिस्थिति के आधार पर निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जावेगी ।
- राज्य में दिनांक 26–01–2013 से राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम–2012 व नियम–2013 प्रभावशील हैं। अतः इस निविदा पर इस अधिनियम व नियम के सभी नवीनतम प्रावधान प्रभावशील होगें ।
- संलग्न प्राईस शिड्यूल में वर्णित दरें बोली स्वीकृति दिनांक से वित्तिय वर्ष 2024–2025 की समाप्ति तक मान्य होगी। इस अवधि को पारस्परिक सहमति के आधार पर बढाया भी जा सकेंगा।
- बोली निविदा प्रपत्र में उल्लेखित अनुबन्धित कार्मिकों की संख्या को कार्यालय आवश्यकता अनुसार घटाया/बढाया जा सकता है एवं बोलीदाता/संवेदक को उक्त कार्मिक निर्धारित दरों पर ही उपलब्ध करवाने होगे।
- समस्त न्यायिक मामलों में न्याय क्षेत्र, जिला उदयपुर (राजस्थान) होगा ।
- पूर्व में किये गये कार्य का कार्यादेश/अनुभव प्रमाण पत्र से सम्बन्धित दस्तावेज प्रस्तुत करने होगें।
- मै/हम क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर द्वारा जारी की गई खुली बोली निविदा सूचना कमांक 02/2024–2025 दिनांक 14.10.2024 में वर्णित सभी शर्तों से तथा संलग्न बोली दस्तावेजों में दी गई उक्त खुली बोली आमंत्रण सूचना की अतिरिक्त शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करते है।

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय सील
नाम..............................................

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
उदयपुर (राज.)

(लिफाफा न0 1)

## General Terms & Condition of Bid &Contract :

Important Instruction: - The Law relating to procurement "The Rajasthan Transparency in Public Procurement Act, 2012 [hereinafter called the Act] and The Rajasthan Transparency in Public procurement Rules 2013 (hereinafter called the Rules) under the said Act have come into force which are available on the website of State Public Procurement Portal http://sppp.raj.nic.in. Therefore the bidders are advice to acquaint themselves with the provision of the Act and the Rules before participating in the bidding process. If there is any discrepancy between the provision of the Act and Rules and this bidding document the provision of the Act and the Rules shall prevail.

- राजस्थान लोकउपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं 2013 तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं इस सम्बन्ध में वित्त विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जारी अधिसूचना परिपत्र, गाईडलाईन आदेश, निर्देश आदि प्रभावी रहेंगें।
- निविदादाताओं को निविदा सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार तकनीकी व वित्तीय निविदाओं को अलग–अलग उचित रूप से मुहरबन्द लिफाफे में बन्द करना होगा। लिफाफों पर " **,कम्प्युटर ओपरेटर हायर किये जाने हेतुनिविदा, फील्ड असिस्टेण्ड हायर किये जाने हेतुनिविदा, प्रयोगशाला सहायक हायर किये जाने हेतुनिविदा एवं कार्यालय हेतु सिक्यूरिटी मैनहायर किये जाने हेतुनिविदा, मालीहायर किये जाने हेतुनिविदा,एच.ए. सी.एल. बिछडी हेतु सिक्यूरिटी मैन हायर किये जाने हेतुनिविदा'ड्राईवरहायर किये जाने हेतुनिविदा, वैज्ञानिक सहायक हायर किये जाने हेतुनिविदा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हायर किये जाने हेतुनिविदासफाई कर्मीहायर किये जाने हेतुनिविदा'** अलग अलग लिफाफो मेंअंकित कर उसे क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय "राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल उदयपुर " एफ 470 मादडी इण्डस्टीज एरिया उदयपुरको सम्बोधित करते हुए रजिस्टर्ड डाक/साधारण डाक द्वारा या व्यक्तिशः इस प्रकार प्रस्तुत करना होगा कि वह निर्धारित तिथि एवं समय तक कार्यालय में पहुँच जावे।
- निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
- निविदा प्रारूप स्याही/टंकण से ही भरा जायेगा। पेन्सिल से भरी किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदादाता निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करेगा तथा अन्त में निविदा की समस्त शर्तो को स्वीकार करने के प्रमाण में हस्ताक्षर करेगा।
- दरें शब्दों एवं अंको में अलग–अलग लिखी जावेगी। इसमें कोई त्रुटिया/उपरिलेखन नहीं होगा चाहिये निविदाओं में किसी भी प्रकार की कटिंग एवं करेकशन स्वीकार्य नहीं होगा।
- निविदा फॉर्म के साथ निविदा शुल्क राशि रूपये 500/– नगद अथवा **सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, देय उदयपुर (PAYABLE AT UDAIPUR)** के पक्ष में अनुसूचित बैंकमेंदेय डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में जमा करानी होगी। SPPP पोर्टल से डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र के साथ भी निविदा शुल्क देय होगा। इसके बिना निविदाओं पर विचार नहीं होगा।
- अनुबन्ध पत्र को पूर्ण करने एवं उस पर स्टाम्प लगाने का व्यय निविदादाता द्वारा वहन किया जायेगा तथा विभाग को उस अनुबन्ध की एक निष्पादित स्टाम्प शुदा प्रतिपर्ण निःशुल्क प्रस्तुत करनी होगी।
- विवादास्पद मामलों में मण्डल निर्णय अनुसार राशि रोकी जायेगी तथा उस विवाद का निपटारा निविदादाता के पक्ष में होने पर ही उसका भुगतान दिया जायेगा।
- न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 (केन्द्रीय अधिनियम 11, वर्ष 1948) के वैधानिक प्रावधानो की अनुपालना का दायित्व सम्बन्धित निविदादाता/संवेदक का होगा।

Rajasthan

# क्षेत्रीय कार्यालय
# राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
# उदयपुर (राज.)

2126 हस्ताक्षर
क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल

- राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत निविदादाता/संवेदक ही उक्त प्रकार की बोली मे भाग लेने हेतु अर्हत होंगें। पंजीकरण प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि पूर्ण रुप से भरे हुए बोली दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी।
- निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता/द्वारा नियोजित श्रमिको को मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रुप से उनके बैंक खातों मे ही किया जायेगा। सम्बन्धित संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिकों के बैंक खाते मे जमा कराई गई राशि का विवरण इस कार्यालय को आगामी माह के मासिक बिल के साथ अनिवार्य रुप से प्रस्तुत किया जायेगा। श्रमिकों के बैंक खातो मे जमा कराई गई राशि के विवरण से अद्योहस्ताक्षरकर्ता की संतुष्टि पर ही निविदादाता/संवेदक को आगामी माह के बिल का भुगतान किया जायेगा।
- श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के अनुसार श्रमिको को मजदूरी के भुगतान करने का दायित्व निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता का होगा।
- श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम मजूदरी का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए संविदा अवधि के दौरान न्यूनतम मजदूरी दर में श्रम विभाग की अधिसूचना से समय समय पर वृद्धि होने पर उपापन संस्था द्वारा निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता को बढ़ी हुई न्यूनतम मजदूरी की सीमा तक अन्तर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।
- निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता को राज्य/केन्द्र सरकार की नवीनतम दरों के अनुसार अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. जमा कराना होगा, जिसमें नियोजित श्रमिकों की मजदूरी राशि से कटौती और निविदादाता/संवेदक का अंशदान शामिल होगा। निविदादाता/संवेदक द्वारा अपने आगामी माह के बिल के साथ गत माह के पेटे श्रमिको के ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. के अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कराये जाने की पुष्टि में सम्बन्धित चालान की प्रति प्रस्तुत किये जाने पर ही निविदादाता/संवेदक को आगामी माह के बिल/बिलों का भुगतान किया जायेगा।
- निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता द्वारा प्रत्येक कार्य स्थल पर Display Board लगाये जायेगे, जिन पर निविदादाता/संवेदक का नाम, संविदा अवधि, कार्य की प्रगति, श्रमिको हेतु Helplineनम्बर एवं निविदादाता/संवेदक द्वारा न्यूनतम मजदूरी भुगतान नही करने की शिकायत करने सम्बन्धी प्रावधान का विवरण स्पष्ट रुप से अंकित किया जाएगा।
- राज्य में लागू श्रम नियमों के अन्तर्गत अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. की राशि जमा कराने का दायित्व निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता का होगा।
- निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता द्वारा श्रमिकों को देय राशि पर वस्तु एवं सेवा कर **(GST)** की राशि अतिरिक्त रुप से देय होगी। सभी प्रकार के करो को जमा करवाने की जिम्मेदारी निविदादाता/संवेदक की ही होगी। निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता द्वारा गत माह में जमा कराये गये वस्तु एवं सेवा कर **(GST)** के चालान की प्रति आगामी माह के बिल के साथ अनिवार्य रुप से संलग्न की जायेगी। वस्तु एवं सेवा कर **(GST)** राशि की जमा कराने के प्रमाण स्वरुप चालान की प्रति प्रस्तुत नही किये जाने पर आगामी माह के बिल में वस्तु एवं सेवा कर **(GST)** का भुगतान नही किया जायेगा। उक्त स्थिति में वस्तु एवं सेवा कर **(GST)** के सबंध में उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के दायित्वों के निर्वहन का उतरदायित्व निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता का होगा।

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

- श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों व अधिसूचनाओं तथा केन्द्र /राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये दिशा–निर्देशों आदि की पालना नहीं करने की स्थिति में इसके परिणामों/ दायित्वो के लिये निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता स्वयं उतरदायी होंगे। उक्त की पालना नही करने की स्थिति में उसके परिणामों एवं दायित्वों के लिए निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता ही जिम्मेदार होगा।
- यदि संवेदक एवं कार्य पर लगाये गये श्रमिको के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी प्रबन्धकीय जिम्मेदारी संवेदक की होगी। इसके लिये उपापन संस्था का सक्षम प्राधिकारी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 एवं राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 का उचित प्रकार से तथा निष्ठापूर्वक पालन करने के लिए उतरदायी होगा।
- नियोजित श्रमिकों को 240 दिवस पूर्ण कर लिये जाने पर औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1974 में विहित प्रावधानों के अनुसार श्रम नियोजित श्रमिकों को हटाने, कार्यमुक्त करने, नोटिस, वेतन, छंटनी, पुलिस वेरिफिकेशन, मुआवजा आदि देने का समस्त उतरदायित्व निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता का होगा।
- कार्य सम्पादन अवधि के दौरान कार्य के सम्बन्ध/संदर्भ में किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति या मुआवजा देने /ई.एस. आईकरवाने/सामुहिक दुर्घटना बीमा कराने इत्यादि की जिम्मेदारी एवं दायित्व निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता का होगा, इसके लिए उपापन संस्था (इस कार्यालय/विभाग) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
- यदि निविदादाता/संवेदक द्वारा नियमानुसार निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नही किये जाने की शिकायत उपापन संस्था (इस कार्यालय/विभाग) को प्राप्त होती है तो उपापन संस्था इस सम्बन्ध में श्रम विभाग को अनिवार्य रुप से सूचित करेगी और नियमानुसार आवश्यक होने की स्थिति में निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता को Debarकरने की कार्यवाही करेगी।
- यदि किसी संस्था द्वारा कार्य की विशिष्ट प्रकृति के मध्यनजर किसी निर्धारित प्रतिशत में कोई अतिरिक्त राशि मानव संसाधन हेतु स्वीकृत करा रखी हो तो उक्त अतिरिक्त राशि को न्यूनतम मजदूरी में सम्मिलित नही करते हुए इस पृथक से भुगतान हेतु अंकित किया जायेगा।
- कर्मचारियों की संख्या में कमी/वृद्धि की जा सकती है। किसी न्यूनतम संख्या की गारन्टी नही दी जायेगी एवं उपाप्त संख्या में कमी या उपाप्त नही करने की स्थिति में निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता किसी भी दावे या प्रतिकर का आधार नही होगा। कर्मचारियों की संख्यामें वृद्धि होने पर अनुबंधित निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता द्वारा बोली की शर्त, निबंधन एवं दर आदेशित समय एवं स्थान पर कार्मिक उपलब्ध करवाना होगा।
- उक्त पदों की स्वीकृति मुख्यालय द्वारा आपेक्षित है। किसी कारण से स्वीकृति प्राप्त नहीं होने पर निविदाएँ समाप्त (आंशिक अथवा पूर्ण ) करने की शक्ति अधोहस्ताक्षर कर्ता में निहित होगी।
- सफल बोलीदाताओं/संवेदकों से दर संविदाओं के अन्तिम मूल्यांकन में उनकी स्थिति के कम में अति. महत्वपूर्ण प्रकृति/अपेक्षित संख्यां में कर्मचारी उपलब्ध करवाना न्यूनतम बोलीदाता की क्षमता से परे होने पर, समानान्तर दर संविदा की जा सकती है।
- अनुबंधित बोलीदाता/संवेदक द्वारा दर संविदा के चालू होने रहने के दौरान किसी भी समय राज्य में किसी को दर संविदा कीमत से कम कीमत पर कार्मिक उपलब्ध कराने के लिए उनकी कीमत कोकम करता है तो उस संविदा के अधीन, कीमत कम करने या कोट करने की तारीख से स्वतः इस कार्यालय में कम हो जायेगी और दर संविदा तदनुसार संशोधित की जायेगी।
- इस कार्यालय द्वारा विद्यमान दर संविदाएं उसी कीमत, निबंधनों और शर्तो पर तीन मास से अनधिक कालावधि के लिए बढाई जा सकेगी, यदि दर संविदा के कार्मिक उपाप्त किये जाने या उसके घटकों की बाजार कीमत इस कालावधि के दौरान  गिर न गयी हो।
- बोली की विधि मान्यता वित्तीय बोली/प्राईस बिड खुलने की तिथी से 90 दिन की अवधि के लिए विधि मान्य होगी।

2126 क्षेत्रीय अधिकारी
क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

- क्षैत्रीय अधिकारी को अधिकार होगा कि अनुबंध की अवधि के दौरान कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में नोटिस देकर अनुबंध को समाप्त कर सकें इस बारे में अनुबंधकर्ता किसी भी हर्जे खर्जे की मांग नहीं कर सकेगा निविदादाता द्वारा जमा कराये गये प्रतिभूति राशि जब्त कर दी जायेगी।
- बोलीदाता अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी को नही सौपेगा या भाडे (Sub-let) पर नही देगा।
- विभाग किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत कर सकता है। विभाग के लिये न्यूनतम दर की निविदा स्वीकार करने की बाध्यता नहीं होगी।
- जिस बोलीदाता की बोली स्वीकार की जाऐगी वह 7 दिन मे कार्मिक उपलब्ध करवायेगा।
- क्षेत्रीय कार्यालय में सविंदा पर कार्मिक उपलब्ध कराने एवं निविदा परीक्षण पश्चात निविदा को जारी रखने एवं समाप्त किये जाने सम्बन्धित सभी प्रकार के निर्णय क्षेत्रीय अधिकारी के पास सुरक्षित रहेंगें।
- अनुबंधित बोलीदाता/संवेदक द्वारा दर संविदा के चालू होने रहने के दौरान किसी भी समय राज्य में किसी को दर संविदा कीमत से कम कीमत पर कार्मिक उपलब्ध कराने के लिए उनकी कीमत को कम करता है तो उस संविदा के अधीन, कीमत कम करने या कोट करने की तारीख से स्वतः इस कार्यालय में कम हो जायेगी और दर संविदा तद्नुसार संशोधित की जायेगी।
- ठेकेदार को मासिक भुगतान संतोषप्रद कार्य होने पर किया जाएगा। कार्यसम्पादन के संतोषप्रद होने का मापदण्ड इस कार्यालय के क्षेत्रीय अधिकारी का होगा। क्षेत्रीय अधिकारी को अधिकार होगा कि अनुबंध की अवधि के दौरान कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में 07 दिवस का नोटिस देकर अनुबंध को समाप्त कर सकें इस बारे में अनुबंधकर्ता किसी भी हर्जे खर्जे की मांग नहीं कर सकेगा। किसी शिकायत अथवा ठेकेदार की लापरवाही पर क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उचित कटौती कर भुगतान किया जा सकेगा, अधिक शिकायत होने पर कटौती में वृद्धि की जा सकती है। कार्य के अत्यधिक असंतोषप्रद होने पर या फर्म द्वारा इसमें सुधार न करने की स्थिति में क्षेत्रीय अधिकारी अन्य संविदा कर्मियो को लगाकर उनसे कार्य करवा लिया जावेगा, जिसका खर्चा ठेकेदार के बिल से काट लिया जावेगा एवं 07 दिवस के नोटिस से अनुबन्ध को निरस्त भी किया जा सकता है। ठेकेदार द्वारा किसी भी शर्त का उल्लंघन किया जाता है या प्रशासन के निर्देषो की पालना नही की जाती है तो अनुबंध भंग करना माना जावेगा तथा ऐसी स्थिति में ठेका समाप्त कर नियमानुसार कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार **क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियत्रंण मण्डल, उदयपुर** को होगा।
- निविदादाता द्वारा लगाये गये कार्मिको को निविदादाता द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान कार्ड लगाना पहनना आवश्यक होगा। निविदादाता द्वारा लगाये गये कर्मचारियो हेतु निविदादाता स्वयं उतरदायी होगा।
- ठेकेदार की ठेका अवधि के दौरान संविदा पर कार्यरत सभी संविदाकर्मियां की कार्यालय परिसर में उसकी ड्यूटी के दौरान एवं ड्यूटी पर आने जाने के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की दुर्घटना की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। इसके लिए मण्डल उतरदायी नही होगा। इस निविदादाता अपने स्तर पर कामगारों को आवश्यक व उचित रूप से बीमा करवाने का बाध्य होगा।
- कर्मचारी द्वारा कार्य न करने, ताश खेलना, कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने, ध्रुमपान–गुटका–पान–शराब एवं किसी भी प्रकार का व्यसन लेने तथा अनपेक्षित आचरण एवं अवांछित गतिविधियों में लिप्त पाये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर सभी प्रकार की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
- स्वीकृत ठेके की अवधि का अंकेक्षण के दौरान यदि अंकेक्षण दल द्वारा आपके विरूद्ध किसी भी तरह की बकाया निकाली जाती है तो उसे जमा करने हेतु बाध्य रहेगें।
- सफल निविदादाता द्वारा पूर्व में कार्य व्यवहार मे दोषी पाये गये कार्मिको को नहीं रखा जायेगा।
- क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा ठेकेदार के संविदा पर लगे कर्मचारियो के बिलो के भुगतान में अगर किसी कारणवश देरी होती है तो भी कर्मचारियो को समय पर भुगतान की समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार की अपनी होगी। कर्मचारियो को ठेकेदार द्वारा हर माह की 7 तारीख तक भुगतान किया जायेगा। देरी से भुगतान करने पर 500/– प्रतिदिन के हिसाब से क्षेत्रीय कार्यालय में शास्ति पैनेल्टी की राशि जमा करवानी होगी।

2126 दिनांक
क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

- कर्मचारी के कार्यस्थल पर अनुपस्थित पाये जाने पर भुगतान काटा जायेगा तथा ठेकेदार से पेनेल्टी के रूप में 500 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान काटा जायेगा।
- अगर ठेकेदार अपना कार्य निश्चित अवधि के बीच में छोडता है व कर्मचारियो को भुगतान नहीं करता है या कार्य संतोषजनक नहीं करने पर उसको इस कार्यालय द्वारा नियमानुसार इस निविदा से हटाया जा सकता है उसकी समस्त कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जब्त करने व अन्य सफल निविदाओ में से जिसकी दर न्यूनतम एवं उचित होगी, उसे ठेका देने का अधिकार क्षेत्रीय अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर को होगा।
- **न्यूनतम निविदा दरे एक से अधिक निविदादाताओं की समान प्राप्त होने की स्थिति में :–**
  न्यूनतम दर के साथ निविदा की दरो की व्यवहारिकता उसके पूर्व में किये गये कार्यो का अनुभव और उसके पंजीयन की प्रमाणिकता आदि को भी ध्यान में रखा जायेगा। क्षेत्रीय कार्यालय की उपापन समिति स्वविवेक से परीक्षण कर इस कार्य हेतु पात्र संस्थाऐं, कार्य करने की क्षमता, Annual Turnover, स्थानीय परिस्थितियों, कार्य अनुभव आदि को मद्देनजर रखते हुए उपापन समिति की सुविधानुसार गुणावगुण के आधार पर किसी भी न्यूनतम दर दाता की निविदा स्वीकृति का निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र रहेगी। इस संबंध में कोई वाद विवाद स्वीकार नही होगा और न ही क्षेत्रीय कार्यालय की उपापन समिति अन्य निविदादाताओं को इस संबंध में कोई स्पष्टीकरण देने के लिए बाध्य होगी।
- निविदादाता द्वारा स्वस्थ एवं शारीरिक व मानसिक रूप से पूर्णतया फिट 18 से 60 वर्ष की उम्र के व्यक्तियों को ही लगाया जायेगा। 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति का निविदादाता द्वारा नियोजन नही किया जायेगा।
- सशर्त निविदाएं स्वीकार नही होगी।
- निविदादाता स्वयं /उसके द्वारा लगाये गये कार्मिको के संबंध में समस्त कानूनी दायित्व/श्रम कानून के पालना की जिम्मेदारी निविदादाता की रहेगी।
- किसी भी विवाद के समय क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर का निर्णय अंतिम होगा, जो पूर्णतया मान्य एवं मंजूर होगा।
- उपर्युक्त शर्तो में किसी भी शर्त में शिथिलता देने या हटाने या नई शर्तो को जोडने का पूर्ण अधिकार क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियत्रंण मण्डल, उदयपुर को होगा। बोली के निर्वचन के सम्बन्ध में किसी प्रकार की समस्या/संदेह हो तो कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
- ***मूल्यांकन की कसौटी–बोलीदाता/संवेदक की न्यूनतम कीमत के आधार पर वित्तीय बोली/क्वालिफाईग बिड का मूल्यांकन किया जावेगा।***
- बोली का अपवर्जनः– अधिनियम की धारा 25 मे उल्लेखित आधार पर बोली को अपवर्जित किया जा सकेगा।
- करार एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति (Agreement and Performance Security) :–

(अ) बोली आमंत्रण में अंकित सेवा की आपूर्ति हेतु सफल बोलीदाता को बोली स्वीकृति आदेश पत्र की दिनांक से अधिकतम 7 दिन मे सेवा के प्रदाय आदेश की रकम की **2.5 (दो दशमलव पॉच प्रतिशत)** प्रतिशत राशि कार्य सम्पादन प्रतिभूति के रुप में ड़िमान्ड़ ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक प्रतिभूति राशि (कार्य सम्पादन प्रतिभूति) के लिये डिमाण्ड ड्राफट/ बैंकर चैक ही स्वीकार किये जायेंगे जो कि **REGIONAL OFFICER RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD PAYBLE AT UDAIPUR** के नाम से प्रस्तुत करना होगाके नाम पर जमा करानी होगी एवं 500 रुपये के नॉन–ज्यूडिशयल स्टाम्प पेपर पर सामान्य एवं वित्तीय लेखा नियम निर्धारित एस.आर. प्रारुप 17 मे एक करार पत्र निष्पादन करना होगा।

(ब) सफल बोली लगाने वाले की दशा मे बोली प्रतिभूति की रकम कार्य सम्पादन प्रतिभूति की रकम मे समायोजित की जा सकती है या लोटाई जा सकती है यदि सफल बोली लगाने वाला पुनः रकम की कार्य सम्पादन की प्रतिभूति राशि दे देता है ।

(स) कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि पर विभाग द्वारा ब्याज का भुगतान नही किया जायेगा।

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
उदयपुर (राज.)

क्षेत्रीय अधिकारी
क्षेत्रीय राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

- **कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि का समपहरण (Forfeiture of Work Performance Security Deposit):–**

कार्य सम्पादन प्रतिभूति राषि का पूर्ण या आंशिक रुप से निम्नांकित मामलों मे समपहरण (Forfeiture) किया जा सकेगाः–

(क) जब संविदा की शर्तो का उल्लंघन किया गया हो।
(ख) जब बोलीदाता सम्पूर्ण सेवा सप्लाई सन्तोषजनक ढंग से करने में असफल रहा हो।
(ग) जब बोलीदाता सेवा सप्लाई आदेश के अनुसार निर्धारित सप्लाई अवधि में सेवा की सप्लाई आरम्भ करने मे असफल रहता हो। कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि के समपहरण करने के मामलों में युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर दिया जाऐगा। इस संबंध में उपापन संस्था का निर्णय अंतिम होगा।

- भुगतानः–

(i) सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम के अनुसार उचित प्रारुप में बिल प्रस्तुत करने पर नियमानुसार भुगतान किया जायेगा। अनुबंधित बोलीदाता द्वारा प्रत्येक माह का बिल भुगतान हेतु आगामी माह के प्रारम्भ के 03 कार्य दिवस मे प्रस्तुत किया जावेगा। विलम्ब से बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान मे होने वाले विलम्ब के लिए अनुबंधित बोलीदाता स्वयं जिम्मेदार होगा। नियमानुसार आयकर एवं GST कटौती निविदादाता को देय भुगतान से की जावेगी।

परिनिर्धारित क्षतिः– परिनिर्धारित क्षति के साथ सेवा सुपुर्दगी अवधि में वृद्धि करने के मामले में वसूली निम्नलिखित प्रतिशत के आधार पर उन स्टोर के मुल्यों के लिए की जायेगी जिनकी बोलीदाता सेवा सप्लाई करने में असफल रहा है :–

(क) विहित सुपुर्दगी अवधि की एक चौथाई अवधि तक के विलम्ब के लिए–2.5%

(ख) विहित सुपुर्दगी अवधि की एक चौथाई अवधि से अधिककिन्तु विहित अवधि की आधी अवधि से अधिक के लिए–5%

(ग) विहित सुपुर्दगी अवधि की आधी अवधि से अधिक किन्तुविहित सुपुर्दगी के तीन चौथाई से अधिक अवधि के लिए–7.5%

(घ) विहित सुपुर्दगी अवधि की तीन चौथाई से अधिक विलम्ब के लिए–10%

(ड) विलम्ब कि अवधि में एक चौथाई से कम के भाग को छोड दिया जायेगा।

(च) परिनिर्धारित क्षति की अधिकतम राशि 10% होगी।

(छ) यदि बोलीदाता किन्ही बाधाओं के कारण संविदान्तार्गत सेवा की सप्लाई को पूरा करने के लिए समय में वृद्धि चाहता है, तो वह लिखित में उस प्राधिकारी को आवेदन करेगा जिसने प्रदायगी आदेश दिया है। किन्तु वह उसके लिए आवेदन बाधा के घटित होने पर तुरन्त उसी समय न कि सप्लाई करने पूर्ण होने की निर्धारित तारीख के बाद करेगा।

(ज) यदि सेवा की सप्लाई करने उत्पन्न हुई बाधा बोलीदाता के नियंत्रण से परे कारणों से हुई हो, तो सुपुर्दगी की अवधि में वृद्धि परिनिर्धारित क्षति सहित या रहित की जा सकेगी।

- बोली के निर्वचन के सम्बन्ध में किसी प्रकार की समस्या/संदेह हो तो निम्नलिखित से सम्पर्क किया जा सकता है :–**क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियत्रंण मण्डल,**

**E-mail:- rorpcbudaipur@gmail.com**

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय सील
नाम.................................................
मोबाईल नं......................................

Rajasthan

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
उदयपुर (राज.)

क्षेत्रीय अधिकारी
क्षेत्रीय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

1. **कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन (मैन विद मशीन) की सेवायें किराये पर लेने के लिये मांगी जाने वाली निविदा के लिये शर्तें:–**

(i) कम्प्यूटर ऑपरेटर को विडोंज/लाईनेक्स एन्वायरमेंट ओपरेटिंग सिस्टम का ज्ञान, वर्ड प्रोसेसर, स्प्रेड शीट व इंटरनेट का ज्ञान /अनुभव एवं कार्यालय संबंधी कार्यों का निष्पादन हेतु कम्प्यूटर का कार्य करने तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी की टाईपिंग में दक्ष होना आवश्यक है।

(ii)कम्प्यूटर ऑपरेटर की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता उच्च माध्यमिक/सीनियर सैकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होनी आवश्यक है।

(iii) कर्मी स्वस्थ्य एवं न्यूनतम 18 वर्ष का होना चाहिये।

➢ **मशीनों का विवरण:–** निविदादाता द्वारा स्थापित की जाने वाली मशीनों का निम्नानुसार या इससे उच्च श्रेणी में होना आवश्यक है।

(i) Computer-Intel Core i3/Equivalet AMD based computer or higher speed RAM 2/4 GB OR higher, Hard disk 250GB or more 15" Monitor/TFT or biggar 10/1001000Mbps Lan card, cd/DVD writer standards keyboard, optical mouse, standard serial, parallel & USB Ports Windows 7 or higher, Anti Virus, Preinstalled MS office, responsibility of software license will be borne by the contractor.

(ii) Printer:-Black and White laser printer with speed 15ppm or more, for specific needs, Do matrix/inkjet printer may be taken in lieu of laser printer.

(iii) UPS:- Online/Offline UPS for abve Computer and printer with 30 minutes battery backup.

➢ यदि कम्प्यूटर ऑपरेटर की सेवाये संतोषप्रद नहीं पायी जाती है तो निविदादाता को तुरंत इसके स्थान पर नया कम्प्यूटर ऑपरेटर लगाना होगा।

➢ कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन (मैन विद मशीन) पर कार्य करने वाले कर्मी हेतु प्रतिदिन 9.00 बजे से सांय 6.00 बजे तक कार्य संपादित करना होगा एवं इस अवधि को एक दिन का कार्य दिवस माना जावेंगा। कार्य दिवस एवं कार्य समय राज्य सरकार द्वारा समय समय पर परिवर्तन किये जाने पर तदानुसार मान्य होगा।

➢ कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन (मैन विद मशीन) की संविदा पर उपलब्ध कराने हेतु शेष अन्य शर्तें वित्त विभाग राजस्थान सरकार द्वारा जारी परिपत्र F2-(1)SPFC/2017Dated30-04-2018 के अनुरूप होगी।

➢ यह कि किसी माह में चार कार्य दिवस अधिक कम्प्यूटर बंद नहीं रखा जावेगा यह भी पूर्व में सूचना देकर किया जावेगा इससे अधिक समय तक कम्प्यूटर बंद रहने तक चाहे ऑपरेटर की गैर हजारी के कारण या अन्य किसी भी खराबी के कारण हो तो प्रतिदिन 300/– की कटौती की जावेगी।

➢ यदि कम्प्यूटरों की चोरी या किसी प्रकार का नुकसान होता है तो उसकी जिम्मेदारी इस विभाग की नहीं होगी। अतः निविदाता चाहे तो उपकरणों का बीमा करवा सकता है।

➢ कार्यालय में कार्य की आवश्कयता को देखते हुये किसी भी दिन किसी भी समय ऑपरेटर को कार्य करना होगा इसके लिए अलग से कोई मानदेय भुगतान नहीं किया जायेंगा।

➢ कोई भी कम्प्यूटर ऑपरेटर बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित नहीं रहेगा और यदि वह अनुपस्थित रहता है तो निविदादाता को उसके स्थान पर किसी अन्य योग्य कम्प्यूटर ऑपरेटर को कार्यालय में भिजवााना अनिवार्य होगा।

➢ कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन की संख्या में कमी/वृद्धि की जा सकती है। किसी न्यूनतम संख्या की गारंटी नही दी जायेगी एवं उपाप्त संख्या में कमी यो उपाप्त नहीं करने की स्थिति में बोलीदाता किसी भी दावे या प्रतिकर का आधार नहीं होगा।

➢ निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्तामें निहित होगा।

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय सील
नाम.............................................
मोबाईल नं.....................................

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
उदयपुर (राज.)

क्षेत्रीय अधिकारी
क्षेत्रीय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

## ➢ क्षैत्र सहायक (Field Assistant) की सेवायें किराये पर लेने के लिये मांगी जाने वाली निविदा के लिये शर्तेः–

**कार्य का नाम–भारत सरकार के राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता जांच कार्यक्रम (ए.एन.पी.) के अन्तर्गत उदयपुर में स्थापित तीन वायु गुणवत्ता जांच केन्द्रों के संचालन हेतु सहायक उपलब्ध करवाना (कुल संख्या 3)**

**राष्ट्रीय परिवेशीय वायु गुणवत्ता प्रबोधन परियोजना (National Ambient Air Quality Monitoring Programme) कार्य का विस्तृत विवरणः–**

**उदयपुर शहर में प्रबोधन केन्द्र (Monitoring Stations) वर्तमान में निम्न स्थानों पर स्थित हैः–**

| क्र.सं. | प्रबोधन केन्द्र (Monitoring Stations) का नाम | क्षेत्रीयप्रयोगशाला का नाम व पता जहां नमूने जमा कराने हैं। |
|---|---|---|
| 1 | क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल , उदयपुर (राज.) | क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण उदयपुर (राज.) |
| 2 | टाउन हाल उदयपुर(राज.) | क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल उदयपुर (राज.) |
| 3 | सैटेलाइट हॉस्पिटल उदयपुर (राज.) | क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल उदयपुर (राज.) |

**➢ परिवेशीय वायु गुणवत्ता केन्द्र पर तकनीकी सहायक/कर्मी से केन्द्र पर लिये जाने कार्य अपेक्षित कार्यः–**

**अ. कार्य का विवरणः**–राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के राष्ट्रीय परिवेषीय वायु गुणवत्ता प्रबोधन परियोजनान्तर्गत (National Ambient Air Quality Monitoring Programme) उदयपुर स्थित तीन (03) स्थानों पर वायु प्रदूषण मापने वाली मशीनों का संचालन (व्वतंजपवद व त्मेचपतंइसम क्नेज"उचसमत च्ड.10 एवं च्ड 2ण्5"उचसमत) सुरक्षा एवं सुरक्षित रखने (Safety & Security) क्षेत्रीय प्रयोगषाला से डाटा शीट, फिल्टर पेपर एवं एबजोर्बिंग सोलूशन आदि प्रत्येक मॉनिटरिंग हेतु प्राप्त करना, वायु नमूनों का संग्रहण (Colletion of Air Quality Monitoring Data Sheet) सहित विश्लेषणार्थ (Analysis) क्षेत्रीय प्रयोगशाला उदयपुर शीघ्रता शीघ्र निर्देशानुसार हस्तान्तरण (Hand Over) करना।

**ब.**परियोजना अंतर्गत स्थानों को परिवर्तित भी किया जा सकता है स्थानों व मशीनों की संख्या में कमी वृद्वि की जा सकती है।

**स.** निर्धारित स्टेशनों पर मंडल द्वारा उपलब्ध कराई मशीन का सुचारू रूप से संचालन (Operation of Equipments)

**द.** प्रत्येक प्रबोधन केन्द्र (Monitoring Stations) एक सप्ताह में दो दिवस के अंतराल पर 24 घंटे चलाया जायेगा।

**य.** वाछिंत कार्य संपादन के लिये 8 घंटे प्रति पारी (6:00 ए.एम. से 2:00 पी.एम. 2:00 पी.एमः से 10:00पी.एम. तक एवं 10:00 पी.एम. से 6:00 ए.एम.) के संचालन हेतु प्रति पारी न्यूनतम एक क्षेत्र सहायक नियुक्त किया जायेगा।

- ➢ आपात स्थिति एवं प्रत्येक दिपावली के दौरान आवश्यक होने पर किसी एक अथवा सभी प्रबोधन केन्द्रों पर दो दिवस के स्थान पर तीन दिवस या अधिक दिन को भी सहकार्य किया जा सकता है। इस कार्य को करने की जिम्मेदारी भी ठेकेदार की होगी इस कार्य का भुगतान आनुपातिक दरों के अनुसार किया जायेगा।
- ➢ क्षेत्र सहायक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता उच्च माध्यमिक/सीनियर सैकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होनी आवश्यक है।

# क्षेत्रीय कार्यालय
# राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
# उदयपुर (राज.)

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

- क्षेत्रीय अधिकारी/मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी एवं अन्य अधिकृत अधिकारियों को समय समय पर कार्य का निरीक्षण करने का अधिकार होगा जिसके दौरान पायी गई कमियों के आधार पर बोलीदाता/संवेदक पर शास्ति अधिरोपित की जा सकेगी साथ ही ऐसी कमियों का बोलीदाता/संबेदक द्वारा तुरंत निराकरण करना होगा।
- निविदादाता को भरतपुर शहर के संपूर्ण प्रबोधन केन्द्रों (Monitoring Station) पर कार्य संपादन करने हेतु निविदा प्रस्तुत करनी होगी।
- राष्ट्रीय परिवेशीय वायु प्रबोधन कार्यक्रम (National Ambient Air Quality Monitoring Programme) के अंतर्गत वायु नमूना संग्रहण (Ambient Air Quality Monitoring) आंकडा प्रतिवेदन पत्र (Data Sheet) सहित क्षैत्रीय प्रयोगशाला का परिवहन (लाना एवं ले जाना) के कार्य हेतु ठेका एक वर्ष के लिए दिया जावेगा। ठेके की अवधि में कार्य उत्कृष्ट पाये जाने की स्थिति में ठेका आपसी सहमति से पूर्व स्वीकृत दरों एवं शर्तों पर बढाया जा सकता है।
- प्रबोधन कार्य सचांलन (Handing of Monitoring Work) संपादन हेतु मशीन उपस्कर/उपकरण रसायन कार्य प्रशिक्षण (Training on Operation of Equipment Supply of Absorbing Solution Filter Paper) आदि मंडल प्रयोगशाला में उपलब्ध कराये जायेगे। आवश्यकतानुसार मशीन की मरम्मत(Servicing and Repairing) सर्विस आदि की जिम्मेदारी मंडल की होगी लेकिन प्रत्येक क्षेत्र सहायक की कर्तव्य निष्ठा, सुचारू रूप से मशीन के संचालन के रूकावट पर तुरंत मंडल के नामित अधिकारी को सूचित करना होगा। यदि बोलीदाता/संवेदक या उसके क्षेत्र सहायक की लापरवाही से मशीन से खराब होने, कांच के सामान टूटने पर विभिन्न अभिकर्मकों, फिल्टर पेपर, आंकडा प्रतिवेदन आंकडा संग्रह आदि को क्षति पहुचाने या दुरूपयोग करने पर ठीक कराने की जिम्मेदारी भी ठेकेदार की ही होगी तथा मंडल उपकरण ठीक कराने में किये गये व्यय को धरोहर राशि/उसे देय भुगतान में से वसूल कर सकेगा।
- मॉनिटरिंग स्टेशन के चालन के समय 24 घंटे क्षेत्र सहायक उपलब्ध रहना अनिवार्य है।
- संवेदक द्वारा कार्य पर लगाये गये क्षेत्र सहायकों की उम्र 18 वर्ष से कम नहीं होगी।
- क्षेत्र सहायक के अनुपस्थित होन पर प्रबोधन कार्य संचालन सुचारू रखने हेतु निविदादाता द्वारा किसी अन्य क्षेत्र सहायक की व्यवस्था आवशयक रूप से की जायेगी।
- संवेदक या उसके क्षेत्र सहायक द्वारा नमूने के एकत्रीकरण के कार्य में प्रतिदिन प्रयोगशाला प्रभारी अथवा अन्य नामित अधिकारी के निर्देशानुसार प्रयोगशाला में नमूनों को मय आंकडा प्रतिवेदन (Collected Sample Data Sheet) विश्लेषण के लिये जमा कराया जायेगा एवं नमूना एकत्रीकरण हेतु फिल्टर एवं अन्य विलियन प्राप्त किये जायेंगे।

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय सील

नाम.................................................

मोबाईल नं....................................

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
उदयपुर (राज.)

क्षेत्रीय अधिकारी
क्षेत्रीय प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
राजस्थान राज्य प्रदूषण उदयपुर (राज.)

## ➢ प्रयोगशाला परिचारक / सहायक हेतु शर्ते :-

➢ (i) प्रयोगशाला परिचारक / सहायक स्वस्थ्य एवं न्यूनतम 18 वर्ष का होना आवश्यक है।
(ii) प्रयोगशाला परिचारक / सहायक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता उच्च माध्यमिक / सीनियर सैकण्डरी (PCM) परीक्षा उत्तीर्ण होनी आवश्यक है।
(iii) प्रयोगशाला परिचारक / सहायक 8 घंटे की ड्यूटी देनी होगी। कार्यालय में कार्य की आवश्यकता को देखते हुए किसी भी दिन किसी भी समय कार्य करना होगा तथा इसके लिए अलग से कोई मानदेय का भुगतान नहीं किया जायेगा।

➢ किसी भी प्रयोगशाला परिचारक / सहायक के अनुपस्थित रहने की दशा में निविदादाता को अन्य प्रयोगशाला परिचारक / सहायक को तत्काल उपलब्ध करवाना होगा।

➢ निविदादाता को श्रम नियम कानून की पालना करनी होगी।

➢ निविदादाता के प्रयोगशाला परिचारक / सहायक की ड्यूटी समय में कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की चौरी व नुकसान होने वाली क्षति की क्षतिपूर्ति निविदादाता को करनी होगी।

➢ प्रयोगशाला परिचारक / सहायक के ड्यूटी पर आने जाने व ड्यूटी समय में कार्य के दौरान किसी भी तरह की घटना–दूर्घटना होने पर समस्त जिम्मेदार निविदादाता की होगी।

➢ ड्यूटी पर तैनात कोई भी कर्मचारी किसी भी प्रकार का व्यसन लेना, नशा करना, ताश, खेलना अथवा किसी भी प्रकार की अनैतिक आचरण नहीं करेगा।

➢ प्रयोगशाला परिचारक / सहायक का कार्य कुशल न होने , अनुशासन में नहीं रहने , लापरवाही बरतने पर मण्डल निर्देशानुसार कर्मचारी को बदलना होगा।

➢ उपलब्ध कराये गये प्रयोगशाला परिचारक / सहायक के फोटो पहचान पत्र तथा उच्च माध्यमिक / सीनियर सैकण्डरी पास का प्रमाण कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

➢ सफल बोलीदाता न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अनुसार पारिश्रमिक के भुगतान के संबंध में स्वयं जिम्मेदार होगा तथा राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित समस्त करों के संबंध में सम्पूर्ण दायित्व सफल बोलीदाता का होगा। न्यूनतम मजदूरी से कम मजदूरी की शिकायत प्राप्त होने पर निविदादाता स्वयं जिम्मेदार होगा तथा नियमानुसार निविदादाता के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

➢ निविदादाता द्वारा उपलब्ध कराये सभी कर्मियों के साथ घटित किसी भी प्रकार की दुर्घटना के लिये मण्डल उत्तरदायी नहीं रहेगा। इस निविदादाता अपने स्तर पर कामगारों को आवश्यक व उचित रूप से बीमा करवाने का बाध्य होगा।

➢ किसी भी विवाद में क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम उदयपुर का निर्णय ही अन्तिम निर्णय होगा।

➢ सभी विवादों को न्यायिक क्षेत्र , उदयपुर न्यायालय ही रहेगा।

➢ नियमानुसार कटौती निविदादाता को देय भुगतान से की जावेगी।

➢ किसी भी प्रकार की क्षति के लिए क्षति पूर्ति का दायित्व निविदाता का होगा।

➢ किसी भी निविदा को स्वीकृत /अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्तारकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

➢ प्रयोगशाला परिचारक / सहायक घटाने बढ़ाने का अधिकार अधोहस्तारकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

➢ राज्ज सरकार द्वारा प्रयोगशाला परिचारक / सहायक के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी आदेशों /नियम निविदाता को मान्य होगे।

➢ प्रयोगशाला परिचारक / सहायक के आवश्यक दस्तावेज यथा आधार कार्ड , वोटर आई. डी. एवं आयु प्रमाण–पत्र कार्यालय में प्रस्तुत करने होगें।

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय सील

नाम..............................................

मोबाईल नं....................................

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
उदयपुर (राज.)

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

1. **वैज्ञानिक सहायक (Scientific Assistant) के अपेक्षित कार्य :–**

परिवेशी वायु गुणवत्ता प्रबोधत कार्यक्रम (NAMP-2014) के कुशल संचालन वायु नमूना संग्रहण, संबंधित फिल्ड डाटा शीट सहित विभिन्न कार्यो यथा विश्लेषण, इत्यादि में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने के अतिरिक्त मण्डल द्वारा समय–समय पर दिये जाने वाले विभिन्न कार्यो का समयबद्ध तरीके से सम्पन्न करना।

2. वैज्ञानिक सहायक (Scientific Assistant) की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता

स्नातकोत्तर (पर्यावरण/रसायन विज्ञान) परीक्षा उत्तीर्ण होनी आवश्यक है अथवा केन्द्रीय प्रदूषण मण्डल/राज्य मण्डल के सेवानिवृत कार्मिक जिनकों प्रयोगशाला में अधिकारी के रूप में कार्य करने का उचित अनुभव है। वर्तमान में क्षेत्र सहायक की आवश्यकता–01 है। (भविष्य में बढोतरी की जा सकती है।)

3. शहर में परिवेशी वायु गुणवत्ता प्रबोधन हेतु (Air Quality Monitoring Stations) ठेकेदार के कर्मियों द्वारा संचालित किये जायेंगे।

4. मुख्य/अधीक्षण वैज्ञानिक अधिकारी/अन्य अधिकृत अधिकारियों को समय–समय पर कार्य का निरीक्षण करने का अधिकार होगा, जिसके दौरान पायी गई कमियों के आधार पर ठेकेदार/संस्था पर शासित अधिरोपित की जा सकेगी साथ ही ऐसी कमियों का ठेकेदार/संस्था द्वारा तुरन्त निराकरण करना होगा।

परिवेशीय वायु गुणवत्ता कार्यक्रम (National Ambient Air Quality Monitoring Programme) कार्य की शर्ते :–

- बोली को उदयपुर शहर के सम्पूर्ण प्रबोधन केन्द्रों (Monitoring Stations) वर्तमान संख्या 03 पर कार्य सम्पादन करने हेतु निविदा प्रस्तुत करनी होगी।
- ठेकेदार/फर्म को पूर्व में सरकारी, अर्द्ध सरकारी/गैर सरकारी कार्यालयों में परिवेशी वायु गुणवत्ता कार्यक्रम अथवा अन्य प्रयोगशाला कार्य जिसमें नमूनों (सेम्पल) के एकत्रिकरण/विश्लेषण/नमूनों का परिवहन के लिये कर्मचारी आपूर्ति कराने/करने का न्यूनतम एक वर्ष का सन्तोषप्रद कार्य सम्पादन का अनुभव होना आवश्यक है। अनुभव का प्रमाण पत्र (जो कि सम्बन्धित विभाग द्वारा जारी किया गया हो) बोली पत्र के साथ संलग्न करना होगा। इस प्रमाण पत्र के अभाव में बोली पर विचार नही किया जावेगा। कार्यादेश को अनुभव का प्रमाण स्वीकार नही किया जायेगा।

2124 प्रदूषण
क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

- राज्य मण्डल के सदस्य सचिव एवं मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी को अधिकार होगा कि अनुबन्ध की अवधि के दौरान कार्य संतोषजनक नही पाये जाने की स्थिति में नोटिस देकर अनुबन्ध को समाप्त कर सके। इस बारे में अनुबन्धकर्ता किसी भी हर्जे–खर्चे की मांग नही कर सकेगा एवं बोलीदाता द्वारा जमा करायी गयी प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी।
- ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत बोली या संलग्न दस्तावेजों में कोई मिथ्या तथ्या या कोई अन्य त्रुटि पायी जाने पर निविदा को रद्द करने एवं उसके द्वारा जमा कराई गई प्रतिभूति राशि को जब्त करने का अधिकार सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर को होगा।
- विभाग किसी भी बोली अथवा समस्त बोलीयों को बिना कारण बताते अस्वीकृत कर सकता है। विभाग के लिए न्यूनतम दर की बोली स्वीकार करने की बाध्यता नहीं होगी।
- बोली के साथ सभी आवश्यक प्रमाण पत्र संलग्न करने होंगे।
- परिवेशीय वायु गुणवत्ता कार्यक्रम (National Ambient Air Quality Monitoring Programme) के अन्तर्गत वायु नमूना संग्रहण (Ambient Air Monitoring ) आंकडा प्रतिवेदन पत्र (Data Sheet) सहित केन्द्रीय प्रयोगशाला को परिवहन के कार्य हेतु ठेका एक वर्ष के लिए दिया जावेगा। ठेके की अवधि में कार्य उत्कृष्ट पाये जाने स्थिति में ठेका आपसी सहमति से पूर्व स्वीकृत दरों एवं शर्तो पर बढाया जा सकता है।
- प्रबोधन कार्य संचालन (Handling of Monitoring work) सम्पादन हेतु मशीन, उपकरण, रसायन तथा कार्य प्रशिक्षण (Training on Operation of equipment, supply of Absorbing Solutions, Filter Papers) आदि मण्डल प्रयोगशाला द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे। आवश्यकतानुसार मशीन की मरम्मत, सर्विस (Servicing and Repairing) आदि की जिम्मेदारी मण्डल की होगी लेकिन प्रत्येक क्षेत्र सहायक (Technical Assistant) एवं वैज्ञानिक सहायक (Scientific Assistant) की कर्तव्य निष्ठा, सुचारू रूप से मशीन के संचालन/संधारण आदि के लिये निविदादाता उत्तरदायी होगा। क्षेत्र सहायक (Field Assistant) एवं वैज्ञानिक सहायक (Scientific Assistant) द्वारा मशीन के चालन/प्रचालन में रूकावट पर तुरन्त मण्डल के नामित अधिकारी को सूचित करना होगा। यदि ठेकेदार या उसके क्षेत्र सहायक (Technical Assistant) एवं वैज्ञानिक सहायक (Scientific Assistant) की लापरवाही से मशीन के खराब होने, कांच के सामान टूटने पर विभिन्न अभिकर्मको, फिल्टर पेपर, आकडा संग्रह आदि को क्षति पहुंचाने या

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

दुरूपयोग करने पर ठीक कराने की जिम्मेदारी भी ठेकेदार की होगी तथा मण्डल उपकरण ठीक कराने में किये गये व्यय को धरोहर राशि/उसे देय भुगतान में से वसूल कर सकेगा।

- ठेकेदार को कॉन्ट्रेक्ट लेबर (रेग्यूलशन एण्ड एबोलिशन) एक्ट, 1970 के अन्तर्गत पंजीकृत होना आवश्यक है। आयकर विभाग में स्थायी खाता संख्या एवं जीएसटी में रजिस्ट्रेशन सम्बन्धी प्रमाण–पत्र संलग्न किया जावे।
- कार्यो के विवरण में दिये गये कर्यो को करते समय आदि किसी की मृत्यु हो जाती या कर्मचारी किसी भी रूप में अपंग हो जाता हैं या अन्य कोई क्षति होती है या कोई अनहोनी हो तो उसकी समस्त जिम्मेदारी एवं इसके मुआवजे आदि के भुगतान का भार ठेकेदार द्वारा ही वहनन किया जायेगा। मण्डल किसी भी प्रकार की क्षति/मुआवजे के लिये किसी भी रूप में उत्तरदायी नहीं होगा।
- कर्मचारी राज्य बीमा, अंशदायी प्रावधायी निधि एवं अन्य कोई नियम जो ठेकेदार पर लागू होते हो तो उन नियमों के अन्तर्गत उनकी पालना करने का उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा।
- ठेकेदार प्रतिमाह मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी या समकक्ष अधिकारी या समकक्ष से मासिक प्रमाणित उपस्थिति के साथ बिल प्रमाणित करायेगा। मण्डल द्वारा स्वीकृत निविदा राशि का ही भुगतान किया जायेगा इसके अतिरिक्त किसी प्रकार का अन्य भुगतान नहीं किया जायेगा।
- ठेके की शर्तों का उल्लंघन करने पर बिना कोई नोटिस दिये ठेका निरस्त कर जमा प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी।
- ठेके की व्यवस्था के सम्बन्ध में कोई विवाद उत्पन्न हो जाने पर अध्यक्ष, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर आर्बिट्रेटर होगा और उनका निर्णय अन्तिम होगा जो दोनों पक्षों को मान्य होगा।

**बोलीदाता के हस्ताक्षर**
**नाम मय मोहर**

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
उदयपुर (राज.)

2124 प्रमेय नं
क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हेतु शर्तेः–

